मै तो तेरी दीवानी हो गयी | By Rashmi Chouksey

सांवरे की दृष्टि मानो प्रेम की कटारी है
तन मन की सुध बुध गई मानो मतवारी है

तेरी प्यारो आँखों का जादू
दिल पे रहा णा मेरे काबू
मैं तो तुझमे खो गई हूँ मैं तो तुझमे खो गई
मैं तो तेरी दीवानी हो गई
हो गई हो गई हो गई हो गई
हो गई हो गई हो गई हो गई
मैं तो तेरी दीवानी हो गई

तेरे दिल पे श्याम सलोने अपना दिल मैंने वारा श्याम
तू ही भगवन तू ही प्रियतम तू ही मेरा जग सारा श्याम
श्याम मेरा सबसे प्यारा है श्याम हारे का सहारा है
तेरा दरबार न्यारा है लगाता सबको किनारा है
सांवली सूरत मोहिनी मूरत पे मैं तो दीवानी हुई
मैं तो तेरी दीवानी हो गई

तेरी नज़र का मेरी नज़र से कैसा खेल निराला श्याम
नज़रे मिलाकर दिल को लूटा श्याम मेरा मतवाला श्याम
श्याम मेरा खाटूवाला है श्याम मेरा भोला भाला है
श्याम सबका रखवाला है, श्याम मेरा बड़ा दिलवाला है
सांवली सूरत मोहिनी मूरत पे मैं तो दीवानी हुई
मैं तो तेरी दीवानी हो गई

तेरी तिरछी नज़र से बाबा दिल मेरा हुआ घायल श्याम
झूठे बंधन झूठा ज़माना दुनिया कहे मुझे पागल श्याम
तुमसे बिनती बारम्बार मोरवी नंदन लखदातार
मेरे सांवरिया सरकार तुमसे नैन हुए हैं चार
सांवली सूरत मोहिनी मूरत पे मैं तो दीवानी हुई
मैं तो तेरी दीवानी हो गई

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%88-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%97%e0%a4%af%e0%a5%80-by-rashmi-chouksey/